This booklet contains **40** printed pages.
इस पुस्तिका में मुद्रित पृष्ठ **40** हैं।

# LMN

**No. :**

**PAPER - 1 : PHYSICS, CHEMISTRY & MATHEMATICS**
**प्रश्नपुस्तिका - 1 : भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा गणित**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# A

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

*Important Instructions :*

1. Immediately fill in the particulars on this page of the Test Booklet with *Blue/Black Ball Point Pen. Use of pencil is strictly prohibited.*
2. The Answer Sheet is kept inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully.
3. The test is of **3 hours** duration.
4. The Test Booklet consists of **90** questions**.** The maximum marks are **360**.
5. There are *three* parts in the question paper A, B, C consisting of **Physics**, **Chemistry** and **Mathematics** having 30 questions in each part of equal weightage. Each question is allotted **4 (four)** marks for correct response.
6. *Candidates will be awarded marks as stated above in instruction No. 5 for correct response of each question. ¼ (one fourth) marks will be deducted for indicating incorrect response of each question. No deduction from the total score will be made if no response is indicated for an item in the answer sheet.*
7. There is only one correct response for each question. Filling up more than one response in any question will be treated as wrong response and marks for wrong response will be deducted accordingly as per instruction 6 above.
8. Use ***Blue/Black Ball Point Pen only*** for writing particulars/ marking responses on ***Side-1*** and ***Side–2*** of the Answer Sheet. ***Use of pencil is strictly prohibited.***
9. No candidate is allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, any electronic device, etc. except the Admit Card inside the examination room/hall.
10. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Test Booklet only. This space is given at the bottom of each page and in **one** page (i.e. Page **39**) at the end of the booklet.
11. On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator on duty in the Room/Hall. ***However, the candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***
12. The CODE for this Booklet is **A**. Make sure that the CODE printed on **Side–2** of the Answer Sheet and also tally the serial number of the Test Booklet and Answer Sheet are the same as that on this booklet. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
13. **Do not fold or make any stray mark on the Answer Sheet.**

*महत्त्वपूर्ण निर्देश :*

1. परीक्षा पुस्तिका के इस पृष्ठ पर आवश्यक विवरण *नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन* से तत्काल भरें। *पेन्सिल का प्रयोग बिल्कुल वर्जित है।*
2. उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर सावधानीपूर्वक विवरण भरें।
3. परीक्षा की अवधि **3 घंटे** है।
4. इस परीक्षा पुस्तिका में **90** प्रश्न हैं। अधिकतम अंक **360** हैं।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में ***तीन*** भाग A, B, C हैं, जिसके प्रत्येक भाग में **भौतिक विज्ञान**, **रसायन विज्ञान** एवं **गणित** के 30 प्रश्न हैं और सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए **4 ( चार )** अंक निर्धारित किये गये हैं।
6. *अभ्यर्थियों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए उपरोक्त निर्देशन संख्या 5 के निर्देशानुसार अंक दिये जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिये ¼ वां भाग काट लिया जायेगा। यदि उत्तर पत्र में किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया हो तो कुल प्राप्तांक से कोई कटौती नहीं की जायेगी।*
7. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर है। एक से अधिक उत्तर देने पर उसे गलत उत्तर माना जायेगा और उपरोक्त निर्देश 6 के अनुसार अंक काट लिये जायेंगे।
8. उत्तर पत्र के ***पृष्ठ–1*** एवं ***पृष्ठ–2*** पर वांछित विवरण एवं उत्तर अंकित करने हेतु ***केवल नीले/ काले बॉल प्वाइंट पेन*** का ही प्रयोग करें। ***पेन्सिल का प्रयोग बिल्कुल वर्जित है।***
9. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश कार्ड के अलावा किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
10. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में केवल निर्धारित जगह पर ही कीजिए। यह जगह प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे की ओर और पुस्तिका के अंत में **एक** पृष्ठ पर **( पृष्ठ 39 )** दी गई है।
11. परीक्षा समाप्त होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***
12. इस पुस्तिका का संकेत **A** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ–2** पर छपे संकेत से मिलता है और यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका, उत्तर पत्र पर क्रम संख्या मिलती है। अगर यह भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
13. **उत्तर पत्र को न मोड़ें एवं न ही उस पर अन्य निशान लगाएँ।**

Name of the Candidate (in Capital letters ) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number / अनुक्रमांक : in figures / : अंकों में ☐☐☐☐☐☐☐☐
: in words / : शब्दों में ____________________

Examination Centre Number / परीक्षा केन्द्र नम्बर : ☐☐☐☐☐☐

Name of Examination Centre (in Capital letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

1. Invigilator's Signature : ____________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर :


2. Invigilator's Signature : ____________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर :


## PART A – PHYSICS


**1.** Two stones are thrown up simultaneously from the edge of a cliff 240 m high with initial speed of 10 m/s and 40 m/s respectively. Which of the following graph best represents the time variation of relative position of the second stone with respect to the first ?


(Assume stones do not rebound after hitting the ground and neglect air resistance, take $g = 10\ m/s^2$)

*(The figures are schematic and not drawn to scale)*

(1) 


(2) 


(3) 



(4) 



## भाग A – भौतिक विज्ञान


**1.** किसी 240 m ऊँची चोटी के एक किनारे से, दो पत्थरों को एकसाथ ऊपर की ओर फेंका गया है, इनकी प्रारंभिक चाल क्रमश: 10 m/s तथा 40 m/s है, तो, निम्नांकित में से कौनसा ग्राफ (आलेख) पहले पत्थर के सापेक्ष दूसरे पत्थर की स्थिति के समय विचरण (परिवर्तन) को सर्वाधिक सही दर्शाता है ?


(मान लीजिए कि, पत्थर जमीन से टकराने के पश्चात ऊपर की ओर नहीं उछलते हैं तथा वायु का प्रतिरोध नगण्य है, दिया है $g = 10\ m/s^2$)

*(यहाँ ग्राफ केवल व्यवस्था आरेख हैं और स्केल के अनुसार नहीं हैं)*

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह


2. The period of oscillation of a simple pendulum is $T = 2\pi\sqrt{\frac{L}{g}}$. Measured value of L is 20.0 cm known to 1 mm accuracy and time for 100 oscillations of the pendulum is found to be 90 s using a wrist watch of 1s resolution. The accuracy in the determination of g is :

(1) 2%

(2) 3%

(3) 1%

(4) 5%

3. 


Given in the figure are two blocks A and B of weight 20 N and 100 N, respectively. These are being pressed against a wall by a force F as shown. If the coefficient of friction between the blocks is 0.1 and between block B and the wall is 0.15, the frictional force applied by the wall on block B is :

(1) 100 N

(2) 80 N

(3) 120 N

(4) 150 N


2. किसी सरल लोलक का आवर्त, $T = 2\pi\sqrt{\frac{L}{g}}$ है। L का मापित मान 20.0 cm है, जिसकी यथार्थता 1 mm है। इस लोलक के 100 दोलनों का समय 90 s है, जिसे 1s विभेदन की घड़ी से नापा गया है। तो, g के निर्धारण में यथार्थता होगी :

(1) 2%

(2) 3%

(3) 1%

(4) 5%

3. 


यहाँ आरेख में दो ब्लॉक (गुटके) A और B दर्शाये गये हैं जिनके भार क्रमश: 20 N तथा 100 N हैं। इन्हें, एक बल F द्वारा किसी दीवार पर दबाया जा रहा है। यदि घर्षण गुणांक का मान, A तथा B के बीच 0.1 तथा B और दीवार के बीच 0.15 है तो, दीवार द्वारा ब्लॉक B पर लगा बल होगा :

(1) 100 N

(2) 80 N

(3) 120 N

(4) 150 N

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**4.** A particle of mass m moving in the $x$ direction with speed $2v$ is hit by another particle of mass 2m moving in the $y$ direction with speed $v$. If the collision is perfectly inelastic, the percentage loss in the energy during the collision is close to :

(1) 44%

(2) 50%

(3) 56%

(4) 62%

**4.** $x$–दिशा में $2v$ चाल से चलते हुए m द्रव्यमान के एक कण से, $y$-दिशा में $v$ वेग से चलता हुआ 2m द्रव्यमान का एक कण, टकराता है। यदि यह संघट्ट (टक्कर) पूर्णत: अप्रत्यास्थ है तो, टक्कर के दौरान ऊर्जा का क्षय (हानि) होगी :

(1) 44%

(2) 50%

(3) 56%

(4) 62%

**5.** Distance of the centre of mass of a solid uniform cone from its vertex is $z_0$. If the radius of its base is R and its height is h then $z_0$ is equal to :

(1) $\frac{h^2}{4R}$

(2) $\frac{3h}{4}$

(3) $\frac{5h}{8}$

(4) $\frac{3h^2}{8R}$

**5.** किसी एकसमान ठोस शंकु के द्रव्यमान केन्द्र की उसके शीर्ष से दूरी $z_0$ है। यदि शंकु के आधार की त्रिज्या R तथा शंकु की ऊँचाई h हो तो $z_0$ का मान निम्नांकित में से किसके बराबर होगा ?

(1) $\frac{h^2}{4R}$

(2) $\frac{3h}{4}$

(3) $\frac{5h}{8}$

(4) $\frac{3h^2}{8R}$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

6. From a solid sphere of mass M and radius R a cube of maximum possible volume is cut. Moment of inertia of cube about an axis passing through its center and perpendicular to one of its faces is :

(1) $\frac{MR^2}{32\sqrt{2}\pi}$

(2) $\frac{MR^2}{16\sqrt{2}\pi}$

(3) $\frac{4MR^2}{9\sqrt{3}\pi}$

(4) $\frac{4MR^2}{3\sqrt{3}\pi}$

6. किसी ठोस गोले का द्रव्यमान M तथा इसकी त्रिज्या R है। इसमें से अधिकतम संभव आयतन का एक क्यूब (घन) काट लिया जाता है। इस क्यूब का जड़त्व आघूर्ण कितना होगा, यदि, इसकी घूर्णन-अक्ष, इसके केन्द्र से होकर गुज़रती है तथा इसके किसी एक फलक के लम्बवत् है?


(1) $\frac{MR^2}{32\sqrt{2}\pi}$

(2) $\frac{MR^2}{16\sqrt{2}\pi}$

(3) $\frac{4MR^2}{9\sqrt{3}\pi}$

(4) $\frac{4MR^2}{3\sqrt{3}\pi}$

7. From a solid sphere of mass M and radius R, a spherical portion of radius $\frac{R}{2}$ is removed, as shown in the figure. Taking gravitational potential $V=0$ at $r=\infty$, the potential at the centre of the cavity thus formed is :
*(G = gravitational constant)*




(1) $\frac{-GM}{2R}$

(2) $\frac{-GM}{R}$

(3) $\frac{-2GM}{3R}$

(4) $\frac{-2GM}{R}$

7. एक ठोस गोले का द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R है। इससे $\frac{R}{2}$ त्रिज्या का एक गोलीय भाग, आरेख में दर्शाये गये अनुसार काट लिया जाता है। $r=\infty$ (अनन्त) पर गुरुत्वीय विभव के मान V को शून्य $(V=0)$ मानते हुए, इस प्रकार बने कोटर (कैविटी) के केन्द्र पर, गुरुत्वीय विभव का मान होगा :
*(G = गुरुत्वीय स्थिराँक है)*



(1) $\frac{-GM}{2R}$

(2) $\frac{-GM}{R}$

(3) $\frac{-2GM}{3R}$

(4) $\frac{-2GM}{R}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

8. A pendulum made of a uniform wire of cross sectional area A has time period T. When an additional mass M is added to its bob, the time period changes to $T_M$. If the Young's modulus of the material of the wire is Y then $\frac{1}{Y}$ is equal to :
*(g = gravitational acceleration)*

(1) $\left[\left(\frac{T_M}{T}\right)^2 - 1\right]\frac{A}{Mg}$

(2) $\left[\left(\frac{T_M}{T}\right)^2 - 1\right]\frac{Mg}{A}$

(3) $\left[1 - \left(\frac{T_M}{T}\right)^2\right]\frac{A}{Mg}$

(4) $\left[1 - \left(\frac{T}{T_M}\right)^2\right]\frac{A}{Mg}$

8. किसी एकसमान तार की अनुप्रस्थकाट का क्षेत्रफल 'A' है। इससे बनाये गये एक लोलक का आवर्तकाल T है। इस लोलक के गोलक से एक अतिरिक्त M द्रव्यमान जोड़ देने से लोलक का आवर्तकाल परिवर्तित होकर $T_M$ हो जाता है। यदि इस तार के पदार्थ का यंग गुणांक 'Y' हो तो $\frac{1}{Y}$ का मान होगा :
*(g = गुरुत्वीय त्वरण)*

(1) $\left[\left(\frac{T_M}{T}\right)^2 - 1\right]\frac{A}{Mg}$

(2) $\left[\left(\frac{T_M}{T}\right)^2 - 1\right]\frac{Mg}{A}$

(3) $\left[1 - \left(\frac{T_M}{T}\right)^2\right]\frac{A}{Mg}$

(4) $\left[1 - \left(\frac{T}{T_M}\right)^2\right]\frac{A}{Mg}$

9. Consider a spherical shell of radius R at temperature T. The black body radiation inside it can be considered as an ideal gas of photons with internal energy per unit volume $u = \frac{U}{V} \propto T^4$ and pressure $p = \frac{1}{3}\left(\frac{U}{V}\right)$. If the shell now undergoes an adiabatic expansion the relation between T and R is :

(1) $T \propto e^{-R}$

(2) $T \propto e^{-3R}$

(3) $T \propto \frac{1}{R}$

(4) $T \propto \frac{1}{R^3}$

9. किसी गोलीय कोश (शैल) की त्रिज्या R है और इसका ताप T है। इसके भीतर कृष्णिका विकिरणों को फोटॉनों की एक ऐसी आदर्श गैस माना जा सकता है जिसकी प्रति इकाई आयतन आन्तरिक ऊर्जा, $u = \frac{U}{V} \propto T^4$ तथा दाब, $p = \frac{1}{3}\left(\frac{U}{V}\right)$ है। यदि इस कोश में रुद्धोष्म प्रसार हो तो, T तथा R के बीच संबंध होगा :

(1) $T \propto e^{-R}$

(2) $T \propto e^{-3R}$

(3) $T \propto \frac{1}{R}$

(4) $T \propto \frac{1}{R^3}$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**10.** A solid body of constant heat capacity 1 J/°C is being heated by keeping it in contact with reservoirs in two ways :

(i) Sequentially keeping in contact with 2 reservoirs such that each reservoir supplies same amount of heat.

(ii) Sequentially keeping in contact with 8 reservoirs such that each reservoir supplies same amount of heat.

In both the cases body is brought from initial temperature 100°C to final temperature 200°C. Entropy change of the body in the two cases respectively is :

(1) $ln2$, $4ln2$

(2) $ln2$, $ln2$

(3) $ln2$, $2ln2$

(4) $2ln2$, $8ln2$

**10.** एक ठोस पिंड (वस्तु) की स्थिर ऊष्मा धारिता 1 J/°C है। इसको ऊष्मकों (ऊष्मा भंडारों) के सम्पर्क में रखकर निम्न दो प्रकार से गर्म किया जाता है,

(i) अनुक्रमिक रूप से 2 ऊष्मकों के सम्पर्क में इस प्रकार रखकर कि प्रत्येक ऊष्मक समान मात्रा में ऊष्मा देता है,

(ii) अनुक्रमिक रूप से 8 ऊष्मकों के सम्पर्क में इस प्रकार रखकर कि प्रत्येक ऊष्मक समान मात्रा में ऊष्मा देता है,

दोनों स्थितियों में पिंड का प्रारंभिक ताप 100°C तथा अन्तिम ताप 200°C है। तो, इन दो स्थितियों में पिंड की एन्ट्रॉपी में परिवर्तन होगा, क्रमशः

(1) $ln2$, $4ln2$

(2) $ln2$, $ln2$

(3) $ln2$, $2ln2$

(4) $2ln2$, $8ln2$

**11.** Consider an ideal gas confined in an isolated closed chamber. As the gas undergoes an adiabatic expansion, the average time of collision between molecules increases as $V^q$, where V is the volume of the gas. The value of q is :

$\left(\gamma = \frac{C_p}{C_v}\right)$

(1) $\frac{3\gamma + 5}{6}$

(2) $\frac{3\gamma - 5}{6}$

(3) $\frac{\gamma + 1}{2}$

(4) $\frac{\gamma - 1}{2}$

**11.** एक आदर्श गैस किसी बन्द (संवृत), वियुक्त (विलगित) कक्ष में सीमित (रखी) है। इस गैस में रुद्धोष्म प्रसार होने पर, इसके अणुओं के बीच टक्कर का औसत काल (समय) $V^q$ के अनुसार बढ़ जाता है, जहाँ V गैस का आयतन है। तो q का मान होगा :

$\left(\gamma = \frac{C_p}{C_v}\right)$


(1) $\frac{3\gamma + 5}{6}$


(2) $\frac{3\gamma - 5}{6}$


(3) $\frac{\gamma + 1}{2}$


(4) $\frac{\gamma - 1}{2}$

**12.** For a simple pendulum, a graph is plotted between its kinetic energy (KE) and potential energy (PE) against its displacement d. Which one of the following represents these correctly ? *(graphs are schematic and not drawn to scale)*

(1) 


(2) 



(3) 



(4) 



**13.** A train is moving on a straight track with speed 20 $ms^{-1}$. It is blowing its whistle at the frequency of 1000 Hz. The percentage change in the frequency heard by a person standing near the track as the train passes him is (speed of sound = 320 $ms^{-1}$) close to :


(1) 6%
(2) 12%
(3) 18%
(4) 24%

**12.** किसी सरल लोलक के लिये, उसके विस्थापन d तथा उसकी गतिज ऊर्जा के बीच और विस्थापन d तथा उसकी स्थितिज ऊर्जा के बीच ग्राफ खींचे गये हैं। निम्नांकित में से कौन सा ग्राफ (आलेख) सही है? *(यहाँ ग्राफ केवल व्यवस्था आरेख हैं और स्केल के अनुसार नहीं हैं)*

(1) 


(2) 


(3) 



(4) 



**13.** एक ट्रेन (रेलगाड़ी) सीधी पटरियों पर 20 $ms^{-1}$ की चाल से गति कर रही है। इसकी सीटी की ध्वनि की आवृत्ति 1000 Hz है। यदि ध्वनि की वायु में चाल 320 $ms^{-1}$ हो तो, पटरियों के निकट खड़े व्यक्ति के पास से ट्रेन के गुजरने पर, उस व्यक्ति द्वारा सुनी गई सीटी की ध्वनि की आवृत्ति में प्रतिशत परिवर्तन होगा लगभग :


(1) 6%
(2) 12%
(3) 18%
(4) 24%


 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**14.** A long cylindrical shell carries positive surface charge $\sigma$ in the upper half and negative surface charge $-\sigma$ in the lower half. The electric field lines around the cylinder will look like figure given in :
*(figures are schematic and not drawn to scale)*

(1) 

(2) 


(3) 


(4) 


**15.** A uniformly charged solid sphere of radius R has potential $V_0$ (measured with respect to $\infty$) on its surface. For this sphere the equipotential surfaces with potentials $\frac{3V_0}{2}$, $\frac{5V_0}{4}$, $\frac{3V_0}{4}$ and $\frac{V_0}{4}$ have radius $R_1$, $R_2$, $R_3$ and $R_4$ respectively. Then


(1) $R_1 = 0$ and $R_2 > (R_4 - R_3)$
(2) $R_1 \neq 0$ and $(R_2 - R_1) > (R_4 - R_3)$
(3) $R_1 = 0$ and $R_2 < (R_4 - R_3)$
(4) $2R < R_4$

**14.** किसी लम्बे बेलनाकार कोश के ऊपरी भाग में धनात्मक पृष्ठ आवेश $\sigma$ तथा निचले भाग में ऋणात्मक पृष्ठ आवेश $-\sigma$ हैं। इस बेलन (सिलिन्डर) के चारों ओर विद्युत क्षेत्र-रेखायें, यहाँ दर्शाये गये आरेखों में से किस आरेख के समान होंगी ?
*(यह आरेख केवल व्यवस्था आरेख है और स्केल के अनुसार नहीं है)*

(1) 

(2) 


(3) 


(4) 


**15.** R त्रिज्या के किसी एकसमान आवेशित ठोस गोले के पृष्ठ का विभव $V_0$ है ($\infty$ के सापेक्ष मापा गया)। इस गोले के लिये, $\frac{3V_0}{2}$, $\frac{5V_0}{4}$, $\frac{3V_0}{4}$ तथा $\frac{V_0}{4}$ विभवों वाले समविभवी पृष्ठों की त्रिज्यायें, क्रमश: $R_1$, $R_2$, $R_3$ तथा $R_4$ हैं। तो,


(1) $R_1 = 0$ तथा $R_2 > (R_4 - R_3)$
(2) $R_1 \neq 0$ तथा $(R_2 - R_1) > (R_4 - R_3)$
(3) $R_1 = 0$ तथा $R_2 < (R_4 - R_3)$
(4) $2R < R_4$


16. In the given circuit, charge $Q_2$ on the 2μF capacitor changes as C is varied from 1μF to 3μF. $Q_2$ as a function of 'C' is given properly by : *(figures are drawn schematically and are not to scale)*




(1) 


(2) 



(3) 



(4) 



17. When 5V potential difference is applied across a wire of length 0.1 m, the drift speed of electrons is $2.5\times10^{-4}$ ms$^{-1}$. If the electron density in the wire is $8\times10^{28}$ m$^{-3}$, the resistivity of the material is close to :


(1) $1.6\times10^{-8}$ Ωm
(2) $1.6\times10^{-7}$ Ωm
(3) $1.6\times10^{-6}$ Ωm
(4) $1.6\times10^{-5}$ Ωm


16. दिये गये परिपथ में, C के मान के 1μF से 3μF परिवर्तित होने से, 2μF संधारित्र पर आवेश $Q_2$ में परिवर्तन होता है। 'C' के फलन के रूप में $Q_2$ को कौन सा आलेख सही दर्शाता है? *(आलेख केवल व्यवस्था आरेख हैं और स्केल के अनुसार नहीं हैं।)*




(1) 



(2) 


(3) 


(4) 


17. 0.1 m लंबे किसी तार के सिरों के बीच 5V विभवांतर आरोपित करने से इलेक्ट्रॉनों की अपवाह चाल $2.5\times10^{-4}$ ms$^{-1}$ होती है। यदि इस तार में इलेक्ट्रॉन घनत्व $8\times10^{28}$ m$^{-3}$ हो तो, इस के पदार्थ की प्रतिरोधकता होगी, लगभग :

(1) $1.6\times10^{-8}$ Ωm
(2) $1.6\times10^{-7}$ Ωm
(3) $1.6\times10^{-6}$ Ωm
(4) $1.6\times10^{-5}$ Ωm

**18.** 



In the circuit shown, the current in the 1Ω resistor is :

(1) 1.3 A, from P to Q

(2) 0 A

(3) 0.13 A, from Q to P

(4) 0.13 A, from P to Q

**18.** 


दर्शाये गये परिपथ में 1Ω प्रतिरोधक से प्रवाहित धारा होगी :

(1) 1.3 A, P से Q की ओर

(2) 0 (शून्य) A

(3) 0.13 A, Q से P को

(4) 0.13 A, P से Q को

**19.** Two coaxial solenoids of different radii carry current I in the same direction. Let $\vec{F_1}$ be the magnetic force on the inner solenoid due to the outer one and $\vec{F_2}$ be the magnetic force on the outer solenoid due to the inner one. Then :

(1) $\vec{F_1} = \vec{F_2} = 0$

(2) $\vec{F_1}$ is radially inwards and $\vec{F_2}$ is radially outwards

(3) $\vec{F_1}$ is radially inwards and $\vec{F_2} = 0$

(4) $\vec{F_1}$ is radially outwards and $\vec{F_2} = 0$

**19.** दो समाक्षी परिनालिकाओं में, प्रत्येक से I धारा एक ही दिशा में प्रवाहित हो रही है। यदि, बाहरी परिनालिका के कारण, भीतरी परिनालिका पर चुम्बकीय बल $\vec{F_1}$ तथा भीतरी परिनालिका के कारण, बाहरी परिनालिका पर चुम्बकीय बल $\vec{F_2}$ हो तो :

(1) $\vec{F_1} = \vec{F_2} = 0$


(2) $\vec{F_1}$ भीतर की ओर व अरीय (त्रिज्य) है और $\vec{F_2}$ बाहर की ओर व अरीय है।

(3) $\vec{F_1}$ भीतर की ओर व अरीय है तथा $\vec{F_2} = 0$ है।

(4) $\vec{F_1}$ बाहर की ओर व अरीय है तथा $\vec{F_2} = 0$ है।

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**20.**




Two long current carrying thin wires, both with current I, are held by insulating threads of length L and are in equilibrium as shown in the figure, with threads making an angle 'θ' with the vertical. If wires have mass λ per unit length then the value of I is :
*(g =gravitational acceleration)*


(1) $\sin\theta\sqrt{\dfrac{\pi\lambda gL}{\mu_0\cos\theta}}$

(2) $2\sin\theta\sqrt{\dfrac{\pi\lambda gL}{\mu_0\cos\theta}}$

(3) $2\sqrt{\dfrac{\pi gL}{\mu_0}\tan\theta}$

(4) $\sqrt{\dfrac{\pi\lambda gL}{\mu_0}\tan\theta}$

**20.**




दो पतले लम्बे तारों में प्रत्येक से I धारा प्रवाहित हो रही है। इन्हें L लम्बाई के विद्युतरोधी धागों से लटकाया गया है। इन धागों में प्रत्येक के द्वारा ऊर्ध्वाधर दिशा से 'θ' कोण बनाने की स्थिति में, ये दोनों तार साम्यावस्था में रहते हैं। यदि इन तारों की प्रति इकाई लम्बाई द्रव्यमान λ है तथा g गुरुत्वीय त्वरण है तो, I का मान होगा :

(1) $\sin\theta\sqrt{\dfrac{\pi\lambda gL}{\mu_0\cos\theta}}$

(2) $2\sin\theta\sqrt{\dfrac{\pi\lambda gL}{\mu_0\cos\theta}}$


(3) $2\sqrt{\dfrac{\pi gL}{\mu_0}\tan\theta}$

(4) $\sqrt{\dfrac{\pi\lambda gL}{\mu_0}\tan\theta}$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**21.** A rectangular loop of sides 10 cm and 5 cm carrying a current I of 12 A is placed in different orientations as shown in the figures below :


(a)





(b)




(c)




(d)




If there is a uniform magnetic field of 0.3 T in the positive $z$ direction, in which orientations the loop would be in (i) stable equilibrium and (ii) unstable equilibrium ?

(1) (a) and (b), respectively


(2) (a) and (c), respectively

(3) (b) and (d), respectively


(4) (b) and (c), respectively

**21.** 10 cm तथा 5 cm भुजाओं के एक आयताकार लूप (पाश) से एक विद्युत धारा, I = 12 A, प्रवाहित हो रही है। इस पाश को आरेख में दर्शाये गये अनुसार विभिन्न अभिविन्यासों (स्थितियों) में रखा गया है।


(a)





(b)




(c)




(d)




यदि वहाँ 0.3 T तीव्रता का कोई एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र, धनात्मक $z$ दिशा में विद्यमान है तो, दर्शाये गये किस अभिविन्यास में, यह पाश (लूप) (i) स्थायी संतुलन तथा (ii) अस्थायी संतुलन में, होगा ?

(1) क्रमशः (a) तथा (b) में


(2) क्रमशः (a) तथा (c) में

(3) क्रमशः (b) तथा (d) में

(4) क्रमशः (b) तथा (c) में

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

22. An inductor (L = 0.03H) and a resistor (R = 0.15 kΩ) are connected in series to a battery of 15V EMF in a circuit shown below. The key $K_1$ has been kept closed for a long time. Then at t = 0, $K_1$ is opened and key $K_2$ is closed simultaneously. At t = 1ms, the current in the circuit will be : ($e^5 \cong 150$)





(1) 100 mA

(2) 67 mA

(3) 6.7 mA

(4) 0.67 mA

22. दर्शाये गये परिपथ में, एक प्रेरक (L = 0.03H) तथा एक प्रतिरोधक (R = 0.15 kΩ) किसी 15V विद्युत वाहक बल (ई.एम.एफ) की बैटरी से जुड़े हैं। कुंजी $K_1$ को बहुत समय तक बन्द रखा गया है। इसके पश्चात् समय t = 0 पर, $K_1$ को खोल कर साथ ही साथ, $K_2$ को बन्द किया जाता है। समय t = 1ms पर, परिपथ में विद्युत धारा होगी : ($e^5 \cong 150$)




(1) 100 mA

(2) 67 mA

(3) 6.7 mA

(4) 0.67 mA

23. A red LED emits light at 0.1 watt uniformly around it. The amplitude of the electric field of the light at a distance of 1 m from the diode is :

(1) 1.73 V/m

(2) 2.45 V/m

(3) 5.48 V/m

(4) 7.75 V/m

23. एक लाल रंग का एल.ई.डी. (प्रकाश उत्सर्जक डायोड) 0.1 वाट पर, एकसमान प्रकाश उत्सर्जित करता है। डायोड से 1 m दूरी पर, इस प्रकाश के विद्युत क्षेत्र का आयाम होगा :

(1) 1.73 V/m


(2) 2.45 V/m

(3) 5.48 V/m

(4) 7.75 V/m

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**24.** Monochromatic light is incident on a glass prism of angle A. If the refractive index of the material of the prism is $\mu$, a ray, incident at an angle $\theta$, on the face AB would get transmitted through the face AC of the prism provided :




(1) $\theta > \sin^{-1}\left[\mu \sin\left(A - \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

(2) $\theta < \sin^{-1}\left[\mu \sin\left(A - \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

(3) $\theta > \cos^{-1}\left[\mu \sin\left(A + \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

(4) $\theta < \cos^{-1}\left[\mu \sin\left(A + \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

**25.** On a hot summer night, the refractive index of air is smallest near the ground and increases with height from the ground. When a light beam is directed horizontally, the Huygens' principle leads us to conclude that as it travels, the light beam :


(1) becomes narrower

(2) goes horizontally without any deflection

(3) bends downwards

(4) bends upwards

**24.** काँच के किसी प्रिज्म का कोण 'A' है। इस पर एकवर्णी प्रकाश आपतित होता है। यदि, प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक $\mu$ है तो, प्रिज्म के AB फलक पर, $\theta$ कोण आपतित प्रकाश की किरण, प्रिज्म के फलक AC से पारगत होगी यदि :




(1) $\theta > \sin^{-1}\left[\mu \sin\left(A - \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

(2) $\theta < \sin^{-1}\left[\mu \sin\left(A - \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

(3) $\theta > \cos^{-1}\left[\mu \sin\left(A + \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

(4) $\theta < \cos^{-1}\left[\mu \sin\left(A + \sin^{-1}\left(\frac{1}{\mu}\right)\right)\right]$

**25.** ग्रीष्म ऋतु की गर्म रात्रि में, भू-तल के निकट, वायु का अपवर्तनांक न्यूनतम होता है और भू-तल से ऊँचाई के साथ बढ़ता जाता है। यदि, कोई प्रकाश-किरण-पुंज क्षैतिज दिशा में जा रहा हो तो, हाइगेन्स के सिद्धान्त से यह परिणाम प्राप्त होता है कि, चलते हुए प्रकाश-किरण पुंज :

(1) संकुचित (संकीर्ण) हो जायेगा।

(2) बिना विक्षेपित हुए, क्षैतिज दिशा में चलता रहेगा।

(3) नीचे की ओर झुक जायेगा।

(4) ऊपर की ओर झुक जायेगा।

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**26.** Assuming human pupil to have a radius of 0.25 cm and a comfortable viewing distance of 25 cm, the minimum separation between two objects that human eye can resolve at 500 nm wavelength is :

(1) 1 μm

(2) 30 μm

(3) 100 μm

(4) 300 μm

**26.** यदि मानव नेत्र की पुतली की त्रिज्या 0.25 cm, और स्पष्ट सुविधा जनक देखने की दूरी 25 cm हो तो, 500 nm तरंगदैर्घ्य के प्रकाश में, दो वस्तुओं के बीच कितनी न्यूनतम दूरी तक मानव नेत्र उन दोनों के बीच विभेदन कर सकेगा ?

(1) 1 μm

(2) 30 μm

(3) 100 μm

(4) 300 μm

**27.** As an electron makes a transition from an excited state to the ground state of a hydrogen - like atom/ion :

(1) its kinetic energy increases but potential energy and total energy decrease

(2) kinetic energy, potential energy and total energy decrease

(3) kinetic energy decreases, potential energy increases but total energy remains same

(4) kinetic energy and total energy decrease but potential energy increases

**27.** जब कोई इलेक्ट्रॉन, हाइड्रोजन जैसे परमाणु /आयन की उत्तेजित अवस्था से न्यूनतम ऊर्जा अवस्था में संक्रमण करता है तो उसकी :

(1) गतिज ऊर्जा में वृद्धि तथा स्थितिज ऊर्जा तथा कुल ऊर्जा में कमी होती है।

(2) गतिज ऊर्जा, स्थितिज ऊर्जा तथा कुल ऊर्जा में कमी हो जाती है।

(3) गतिज ऊर्जा कम होती है, स्थितिज ऊर्जा बढ़ती है और कुल ऊर्जा वही रहती है।

(4) गतिज ऊर्जा व कुल ऊर्जा कम हो जाती हैं किन्तु, स्थितिज ऊर्जा बढ़ जाती है।

28. Match **List - I** (Fundamental Experiment) with **List - II** (its conclusion) and select the correct option from the choices given below the list :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (A) | Franck-Hertz Experiment. | (i) | Particle nature of light |
| (B) | Photo-electric experiment. | (ii) | Discrete energy levels of atom |
| (C) | Davison - Germer Experiment. | (iii) | Wave nature of electron |
| | | (iv) | Structure of atom |

(1) (A) - (i) (B) - (iv) (C) - (iii)

(2) (A) - (ii) (B) - (iv) (C) - (iii)

(3) (A) - (ii) (B) - (i) (C) - (iii)

(4) (A) -(iv) (B) - (iii) (C) - (ii)

29. A signal of 5 kHz frequency is amplitude modulated on a carrier wave of frequency 2 MHz. The frequencies of the resultant signal is/are :

(1) 2 MHz only

(2) 2005 kHz, and 1995 kHz

(3) 2005 kHz, 2000 kHz and 1995 kHz

(4) 2000 kHz and 1995 kHz

28. **सूची - I** ( मूल प्रयोग) का **सूची - II** ( उसके परिणाम) के साथ सुमेलन (मैच) कीजिये और निम्नांकित विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिये :

| | सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|---|
| (A) | फ्रेंक हर्ट्स प्रयोग | (i) | प्रकाश की कणिका प्रकृति |
| (B) | प्रकाश विद्युत प्रयोग | (ii) | अणु के विविक्त ऊर्जा स्तर |
| (C) | डेवीसन जर्मर प्रयोग | (iii) | इलेक्ट्रॉन की तरंग प्रकृति |
| | | (iv) | परमाणु की संरचना |

(1) (A) - (i) (B) - (iv) (C) - (iii)

(2) (A) - (ii) (B) - (iv) (C) - (iii)

(3) (A) - (ii) (B) - (i) (C) - (iii)

(4) (A) -(iv) (B) - (iii) (C)- (ii)

29. 5 kHz आवृत्ति के किसी संकेत (सिग्नल) का 2 MHz आवृत्ति की वाहक तरंग पर आयाम मॉडुलन किया गया है। तो, परिणामी सिग्नल (संकेत) की आवृत्ति होगी :


(1) 2 MHz केवल

(2) 2005 kHz, तथा 1995 kHz


(3) 2005 kHz, 2000 kHz तथा 1995 kHz


(4) 2000 kHz तथा 1995 kHz


**30.** An LCR circuit is equivalent to a damped pendulum. In an LCR circuit the capacitor is charged to $Q_0$ and then connected to the L and R as shown below :





If a student plots graphs of the square of maximum charge ($Q^2_{Max}$) on the capacitor with time(t) for two different values $L_1$ and $L_2$ ($L_1>L_2$) of L then which of the following represents this graph correctly ? *(plots are schematic and not drawn to scale)*


(1) 


(2) 



(3) 



(4) 



**30.** LCR (एल.सी.आर) परिपथ किसी अवमंदित लोलक के तुल्य होता है। किसी LCR परिपथ में संधारित्र को $Q_0$ तक आवेशित किया गया है, और फिर इसे आरेख में दर्शाये गये अनुसार L व R से जोड़ा गया है।





यदि एक विद्यार्थी L के, दो विभिन्न मानों, $L_1$ तथा $L_2$ ($L_1>L_2$) के लिये, समय t तथा संधारित्र पर अधिकतम आवेश के वर्ग $Q^2_{Max}$ के बीच दो ग्राफ बनाता है तो निम्नांकित में से कौन सा ग्राफ सही है ? *(प्लॉट केवल व्यवस्था प्लॉट हैं तथा स्केल के अनुसार नहीं हैं)*

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 




SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## PART B — CHEMISTRY

**31.** The molecular formula of a commercial resin used for exchanging ions in water softening is $C_8H_7SO_3Na$ (Mol. wt. 206). What would be the maximum uptake of $Ca^{2+}$ ions by the resin when expressed in mole per gram resin ?

(1) $\frac{1}{103}$

(2) $\frac{1}{206}$

(3) $\frac{2}{309}$

(4) $\frac{1}{412}$

**32.** Sodium metal crystallizes in a body centred cubic lattice with a unit cell edge of 4.29Å. The radius of sodium atom is approximately :

(1) 1.86Å

(2) 3.22Å

(3) 5.72Å

(4) 0.93Å

**33.** Which of the following is the energy of a possible excited state of hydrogen ?

(1) $+13.6$ eV

(2) $-6.8$ eV

(3) $-3.4$ eV

(4) $+6.8$ eV

## भाग B — रसायन विज्ञान

**31.** एक वाणिज्य रेज़िन का आण्विक सूत्र $C_8H_7SO_3Na$ है (आण्विक भार = 206) इस रेज़िन की $Ca^{2+}$ आयन की अधिकतम अंतर्ग्रहण क्षमता (मोल प्रति ग्राम रेज़िन) क्या है ?

(1) $\frac{1}{103}$

(2) $\frac{1}{206}$

(3) $\frac{2}{309}$

(4) $\frac{1}{412}$

**32.** सोडियम धातु एक अंत:केन्द्रित घनीय जालक में क्रिस्टलित होता है जिसके कोर की लंबाई 4.29Å है। सोडियम परमाणु की त्रिज्या लगभग है :

(1) 1.86Å

(2) 3.22Å

(3) 5.72Å

(4) 0.93Å

**33.** निम्नलिखित में से हाईड्रोजन की संभव उत्तेजित अवस्था की ऊर्जा कौन सी है ?

(1) $+13.6$ eV

(2) $-6.8$ eV

(3) $-3.4$ eV

(4) $+6.8$ eV

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**34.** The intermolecular interaction that is dependent on the inverse cube of distance between the molecules is :

(1) ion - ion interaction

(2) ion - dipole interaction

(3) London force

(4) hydrogen bond

**34.** वह अंतरा-अणुक अन्योन्य क्रिया जो अणुओं के बीच की दूरी के प्रतिलोम घन पर निर्भर है, है :

(1) आयन - आयन अन्योन्य

(2) आयन - द्विध्रुव अन्योन्य

(3) लंडन बल

(4) हाईड्रोजन बंधक

**35.** The following reaction is performed at 298 K.

$$2NO(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO_2(g)$$

The standard free energy of formation of NO(g) is 86.6 kJ/mol at 298 K. What is the standard free energy of formation of $NO_2(g)$ at 298 K? $(K_p = 1.6 \times 10^{12})$

(1) $R(298)\ ln(1.6 \times 10^{12}) - 86600$

(2) $86600 + R(298)\ ln(1.6 \times 10^{12})$

(3) $86600 - \dfrac{ln\,(1.6 \times 10^{12})}{R\,(298)}$

(4) $0.5[2 \times 86{,}600 - R(298)\ ln(1.6 \times 10^{12})]$

**35.** निम्नलिखित अभिक्रिया को 298 K पर किया गया।

$$2NO(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2NO_2(g)$$

298 K पर NO(g) के संभवन की मानक मुक्त ऊर्जा 86.6 kJ/mol है। 298 K पर $NO_2(g)$ की मानक मुक्त ऊर्जा क्या है? $(K_p = 1.6 \times 10^{12})$

(1) $R(298)\ ln(1.6 \times 10^{12}) - 86600$

(2) $86600 + R(298)\ ln(1.6 \times 10^{12})$

(3) $86600 - \dfrac{ln\,(1.6 \times 10^{12})}{R\,(298)}$

(4) $0.5[2 \times 86{,}600 - R(298)\ ln(1.6 \times 10^{12})]$

**36.** The vapour pressure of acetone at 20°C is 185 torr. When 1.2 g of a non-volatile substance was dissolved in 100 g of acetone at 20°C, its vapour pressure was 183 torr. The molar mass ($g\ mol^{-1}$) of the substance is :

(1) 32

(2) 64

(3) 128

(4) 488

**36.** 20°C पर ऐसिटोन की वाष्प दाब 185 torr है। जब 20°C पर, 1.2 g अवाष्पशील पदार्थ को 100 g ऐसिटोन में घोला गया, तब वाष्प दाब 183 torr हो गया। इस पदार्थ का मोलर द्रव्यमान ($g\ mol^{-1}$ में) है :

(1) 32

(2) 64

(3) 128

(4) 488

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**37.** The standard Gibbs energy change at 300 K for the reaction $2A \rightleftharpoons B + C$ is 2494.2 J. At a given time, the composition of the reaction mixture is $[A] = \frac{1}{2}$, $[B]=2$ and $[C] = \frac{1}{2}$. The reaction proceeds in the : $[R=8.314\ J/K/mol,\ e=2.718]$

(1) forward direction because $Q > K_c$

(2) reverse direction because $Q > K_c$

(3) forward direction because $Q < K_c$

(4) reverse direction because $Q < K_c$

